आई सी एम आर–राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

icmr INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH | NIRTH NATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH IN TRIBAL HEALTH

ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

सं. राजस्वाअसं/हिंदी-पखवाड़ा/ 807 /2025 दिनांक 11 .09.2025 11 SEP 2025

## परिपत्र

सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना पर आधारित है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार, सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष हिंदी-दिवस/पखवाड़ा मनाया जाता है और इसके अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार 14-15 सितंबर, 2025 को सम्मेलन महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीविशन सेंटर, गाँधीनगर, गुजरात में हिंदी-दिवस एवं पांचवा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के कारण उनके निर्देशों के अनुसार, इस वर्ष संस्थान में "हिंदी-पखवाड़ा" दिनांक 15-09-2025 को 'हिंदी-दिवस' से प्रारंभ कर 30-09-2025 तक मनाया जाएगा।

निदेशक महोदय द्वारा सभी से अपील की जाती है कि इस दौरान अपना सरकारी कामकाज यथासंभव अधिकाधिक राजभाषा हिंदी में निष्पादित करें।

इस वर्ष 'हिंदी-पखवाड़े' के अंतर्गत निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन दिनांक | प्रतियोगिता-स्थल एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कंप्यूटर पर, कृतिदेव या मंगल फोंट्स) समय : 10 मिनट | 18-09-2025 | स्थापना अनुभाग<br>पूर्वाह्न 11 बजे से |
| 2 | हिंदी निबंध-लेखन प्रतियोगिता : समय 1 घंटा<br>विषय: ............................................................ | 19-09-2025 | सम्मेलन-कक्ष (कॉन्फ्रेंस-हॉल)<br>पूर्वाह्न 11 बजे से |
| 3 | हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता<br>समय : 7 मिनट प्रति प्रतिभागी<br>विषय: - ...........................................................(पक्ष-विपक्ष) | 24-09-2025 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 2:30 बजे से |
| 4 | हिंदी कविता-पाठ : समय 7 मिनट<br>(स्वरचित के लिए 10% विशेष अंक) | 25-09-2025 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 2:30 बजे से |

**नोट** : 1. हिंदी निबंध-लेखन, हिंदी वाद-विवाद एवं हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिताएं हिंदी-भाषी (Hindi Speaking) एवं हिंदीतर भाषी (Non-Hindi Speaking) नियमित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग प्रस्तावित हैं। हिंदीतर-भाषी होने के लिए मैट्रिक/हायर सेकंडरी/12वीं स्तर की शिक्षा 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के राज्यों से होना एवं उनकी मातृभाषा हिंदी के अलावा होनी चाहिए, यह जानकारी प्रतियोगिता के आवेदन में देनी है।

**('क' क्षेत्र** – बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड राज्य तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र।

**'ख' क्षेत्र** - गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन व दीव और दादरा व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र।

**'ग' क्षेत्र** – 'क' और 'ख' क्षेत्र में शामिल नहीं किए गए अन्य सभी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र।

2. हिंदीतर-भाषी (Non-Hindi Speaking) समूह के लिए अलग से 5 से कम प्रतियोगी होने पर उन्हें हिंदीभाषी समूह के साथ ही रखते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ऐसी स्थिति में निर्णायक-मंडल द्वारा हिंदीतर भाषी प्रतियोगियों को 10% अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।
3. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 5 (पांच) प्रतियोगी होना अनिवार्य है, इससे कम प्रविष्टियां प्राप्त होने पर वह प्रतियोगिता निरस्त कर दी जाएगी।

पृष्ठ 2 पर जारी ....

NIRTH काम्प्लेक्स, नागपुर मार्ग, पो.ऑ. गढ़ा, जबलपुर, मध्य प्रदेश – 482 003,भारत
NIRTH Complex, Nagpur Road, P.O. Garha, Jabalpur, Madhya Pradesh – 482 003, India
Tel: +91-761-2370800
Fax: +91-761-2672835
eMail: director – nirth@icmr.gov.in, www.nirth.res.in

**नकद पुरस्कार :** प्रत्येक प्रतियोगिता में 5 नकद पुरस्कार होंगे –

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | – ₹ 5000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | - ₹ 3000/- |
| तृतीय पुरस्कार | – ₹ 2000/- |
| सांत्वना पुरस्कार (दो) | - ₹ 1000/- (प्रत्येक) |

अत: संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनरोध है कि कृपया अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर 'हिंदी-दिवस/पखवाड़े' के आयोजन को सफल बनाएं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन प्रपत्र (संलग्न) में जानकारी भरकर अनुभाग अधिकारी (स्था.) को देने की अंतिम तारीख **12.09.2025** है।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(जीवन सिंह बिष्ट)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रति,

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-मेल पर सूचनार्थ

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय – सूचनार्थ/ ई-मेल पर भेजने हेतु।
2. समस्त सूचना-पटल
3. श्री दीपांशु भाटिया, टी.ए.(कम्प.विज्ञा.), संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
4. श्रीमति प्रियंका गुप्ता, अनु. अधि. (भंडार): हिंदी-पखवाड़ा-2025 के दो और राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह-2025 का एक बैनर बनवाने व यथा-स्थान लगवाने एवं सभी प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के छायाचित्रण हेतु प्रबंधन के लिए सम्बंधित को दिशानिर्देश पारित कर कथित कार्य समय पर सुनिश्चित करने हेतु।